चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 28-10-22 | 4 | 1-5 |


# 'नई तकनीकों को पहुंचाने में समाजशास्त्रियों की अहम भूमिका'

**जागरण संवाददाता, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि परिवार समाज का सबसे छोटा हिस्सा है। इसलिए उसके सतत विकास के लिए उन्हें नई जानकारियां, नवाचारों व प्रौद्योगिकियों के प्रति प्रोत्साहित करना अनिवार्य है। देश के उत्थान में कृषक समाज का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए देश को विकास की पटरी पर लगातार बनाने रखने के लिए इनका उत्थान बहुत जरूरी है। लेकिन नई तकनीकों को किसानों व समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। समाजशास्त्र से जुड़े विशेषज्ञ महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। वह हकृवि के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी)-आइडीपी प्रोजेक्ट के तहत कृषक समाज के सतत विकास व सामाजिक-आर्थिक उत्थान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन पर बोल रहे थे।




हकृवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि प्रो. बीआर कांबोज व अन्य। • पीआरओ

## राष्ट्रीय सम्मेलन की गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट पेश

समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डा. विनोद कुमारी, सम्मेलन की आयोजक सचिव डा. जतेश काठपालिया व डा. रश्मि त्यागी ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की तमाम गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता व एनएएचईपी-आइडीपी प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी डा. केडी शर्मा ने सभी का स्वागत किया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. नीरज कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस कार्यशाला में मंच का संचालन डा. रिजुल सिहाग ने किया।

## पोस्टर व मौखिक प्रस्तुतियों के परिणाम

पोस्टर प्रस्तुतिकरण में प्रथम पुरस्कार अन्नू, निशा, मोनिका, एकता, प्रियंका भाटी, रमेश चंद, व विक्रांत हुड्डा, द्वितीय पुरस्कार काव्या सहराव, हेमंत कुमार व अन्नू, तृतीय पुरस्कार के विजेता प्रीति रानी व प्रियंका रही। ज्योति सिहाग, युगम ढींगड़ा, स्वाति, कीर्ति, प्रियंका ने सांत्वना पुरस्कार जीता। इसी प्रकार, विभिन्न विषयों में आयोजित मौखिक प्रस्तुतियों में मंजु कुमार राठौर, सुनिधि पिलानियां, कोथा सरामाती, आयुशी, रितु, इन्दु, सीफती, प्रीति, जोन, मोनिका शर्मा, प्रीति नैन, गायत्री पिला व सुभाष ने बेहतरीन प्रदर्शन कर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया।

**मौखिक व पोस्टर प्रस्तुतियों के विजेता प्रतिभागी सम्मानित :** कुलपति ने कहा कि यदि नई तकनीकों को ईजाद करने वाले विभाग और समाजशास्त्री एक साथ मिलकर काम करेंगे तो इसके बहुत सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे। मुख्यातिथि ने आंकड़ा प्रबंधन व विश्लेषण को भी अहम बताया। इससे हर जगह से मिल रही जानकारियों को दुरुस्त व त्रुटि रहित समाज तक पहुंचाया जा सकता है। इसके लिए सरकारी व गैर-सरकारी शिक्षण-शोध संस्थानों को एक मंच पर आकर एकजुट होकर जानकारी सांझा करनी चाहिए। वर्तमान समय में खेती पर जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम बढ़ रहे हैं। इन्हीं चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न नवीनतम एवं उन्नत सस्य क्रियाएं मदद कर सकती हैं। कुलपति ने सम्मेलन में प्रस्तुत की गई मौखिक व पोस्टर प्रस्तुतियों के विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28-10-21 | 5 | 1-6 |

# किसानों व समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक नई तकनीकों को पहुंचाने में समाजशास्त्रियों की अहम भूमिका : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

हिसार, 27 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी)-आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत कृषक समाज के सतत विकास एवं सामाजिक-आर्थिक उत्थान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का आज समापन हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार समाज का सबसे छोटा हिस्सा है इसलिए उसके सतत विकास के लिए उन्हें नई जानकारियां, नवाचारों व प्रौद्योगिकियों के प्रति प्रोत्साहित करना अनिवार्य है। इसी प्रकार देश के उत्थान में कृषक समाज का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए देश को विकास की पटरी पर लगातार बनाने रखने के लिए इनका उत्थान बहुत जरूरी है लेकिन नई तकनीकों को किसानों व समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना एक चुनौती पूर्ण कार्य है। इस प्रक्रिया में समाजशास्त्र से जुड़े विशेषज्ञ महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा यदि नई तकनीकों को इजाद करने वाले विभाग और समाजशास्त्री एक साथ मिलकर काम करेंगे तो इसके बहुत सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे। मुख्यातिथि ने आंकड़ा प्रबंधन व विश्लेषण को भी अहम बताया। उन्होंने कहा कि इससे हर जगह से मिल रही जानकारियों को दुरूस्त व त्रुटि रहित समाज तक पहुंचाया जा सकता है। इसके लिए सरकारी व गैर-सरकारी शिक्षण-शोध संस्थानों को एक मंच पर आकर एकजुटता के साथ जानकारी सांझा करनी चाहिए। वर्तमान समय में खेती पर जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम बढ़ रहे हैं। इन्हीं चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न नवीनतम एवं उन्नत सस्य क्रियाएं मदद कर सकती हैं। इस अवसर पर कुलपति ने सम्मेलन में प्रस्तुत की गई मौखिक व पोस्टर प्रस्तुतियों के विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमारी, सम्मेलन की आयोजक सचिव डॉ. जतेश काठपालिया व डॉ. रश्मि त्यागी ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की तमाम गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता व एनएएचईपी-आईडीपी प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. केडी शर्मा ने सभी का स्वागत किया, जबकि मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस कार्यशाला में मंच का संचालन डॉ. रिजुल सिहाग ने किया। हकृवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन दौरान हुई पोस्टर व मौखिक प्रस्तुतियों के परिणाम इस प्रकार रहे। पोस्टर प्रस्तुतिकरण में प्रथम पुरस्कार अनु, निशा, मोनिका, एकता, प्रियंका भाटी, रमेश चंद, व विक्रांत हुड्डा ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय पुरस्कार काव्या सहवाग, हेमंत कुमार व अनु ने प्राप्त किया। तृतीय पुरस्कार के विजेता प्रीति रानी व प्रियंका रहे, जबकि ज्योति सिहाग, कुसुम ढींगड़ा, स्वाति, कीर्ति, प्रियंका ने सांत्वना पुरस्कार जीता। इसी प्रकार, विभिन्न विषयों में आयोजित मौखिक प्रस्तुतियों में मंजु कुमार राठौर, मुनिषि पिलानियां, कोमा सरामाठी, आयुशी, रितु छिकारा, इन्दु, सोफली, प्रीति, जोन, मोनिका शर्मा, प्रीति नैन, गायत्री पिला व सुभाष ने बेहतरीन प्रदर्शन कर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया।



हकृवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 28-10-22 | 3 | 1-2 |

# 'परिवार उत्थान के लिए नई जानकारियों और नवाचारों के प्रति प्रोत्साहन जरूरी'

## एचएयू में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि परिवार समाज का सबसे छोटा हिस्सा है। इसलिए उसके सतत विकास के लिए उन्हें नई जानकारियां, नवाचारों व प्रौद्योगिकियों के प्रति प्रोत्साहित करना अनिवार्य है। देश के उत्थान में कृषक समाज का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। देश के विकास के लिए इनका उत्थान बहुत जरूरी है। नई तकनीकों को किसानों व समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में समाजशास्त्री महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

वे एचएयू के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी) आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आंकड़ा प्रबंधन व विश्लेषण को भी अहम बताया। उन्होंने कहा कि इससे हर जगह से मिल रही जानकारियों को दुरुस्त व त्रुटि रहित समाज तक पहुंचाया जा सकता है। सरकारी व गैर-सरकारी शिक्षण-शोध संस्थानों को एक मंच पर आकर एकजुटता के साथ जानकारी सांझा करनी चाहिए। वर्तमान समय



एचएयू में विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि प्रो. बीआर कांबोज। स्रोत : संस्थान

में खेती पर जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम बढ़ रहे हैं। समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमारी, सम्मेलन की आयोजक सचिव डॉ. अतिश काठपालिया व डॉ. रश्मि त्यागी ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की तमाम गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट पेश की।

**विजेताओं को मिला सम्मान :** इस मौके पर आयोजित पोस्टर प्रस्तुतिकरण में प्रथम पुरस्कार अन्नू, निशा, मोनिका, एकता, प्रियंका भाटी, रमेश चंद्र, व विक्रांत हुड्डा ने प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार काव्या सहराव, हेमंत कुमार व अन्न ने प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 28.10.23 | 10 | 3-6 |

## एचएयू में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

# देश के उत्थान में कृषक समाज का बहुत महत्वपूर्ण योगदान

- किसानों व समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक नई तकनीकों को पहुंचाने में समाजशास्त्रियों की अहम भूमिका : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की ओर से राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी)-आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत कृषक समाज के सतत विकास एवं सामाजिक-आर्थिक उत्थान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हुआ। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे।

मुख्य अतिथि प्रो. बीआर काम्बोज ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार समाज का सबसे छोटा हिस्सा है इसलिए उसके सतत विकास के लिए उन्हें नई जानकारियों, नवाचारों व प्रौद्योगिकियों के प्रति प्रोत्साहित करना अनिवार्य है। इसी प्रकार देश के उत्थान में कृषक समाज का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए देश को विकास की पटरी पर लगातार बनाये रखने के लिए इनका उत्थान बहुत जरूरी है, लेकिन नई तकनीकों को किसानों व समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इस प्रक्रिया में समाजशास्त्र से जुड़े विशेषज्ञ महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। इस अवसर पर कुलपति ने सम्मेलन में प्रस्तुत की गई मौखिक व पोस्टर प्रस्तुतियों के विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमारी, सम्मेलन की आयोजक सचिव डॉ. जतेश काठपालिया व डॉ. रश्मि त्यागी ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की तमाम गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता व एनएएचईपी-आईडीपी प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. केडी शर्मा ने आने वालों का स्वागत किया, जबकि मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। कार्यशाला में मंच का संचालन डॉ. रिजुल सिहाग ने किया।



हिसार। दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि प्रो. बीआर कम्बोज व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे पोस्टर व मौखिक प्रस्तुतियों के विजेता

एचएयू में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन दौरान हुई पोस्टर व मौखिक प्रस्तुतियों के परिणाम इस प्रकार रहे। पोस्टर प्रस्तुतिकरण में प्रथम पुरस्कार अन्नु मित्र, सविता, एकता, प्रियंका भारती, रमेश चंद्र, व नितेश गुप्ता ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय पुरस्कार कादंबरी सहराय, हेमंत कुमार व अन्नु ने प्राप्त किया। तृतीय पुरस्कार के विजेता प्रीति रानी व प्रियंका रहे, जबकि ज्योति सिवाच, सुरुचि, दीपिका, रश्मि, प्रीति सिवाच ने सांत्वना पुरस्कार जीता। इसी प्रकार, विभिन्न विषयों में आयोजित मौखिक प्रस्तुतियों में मंजु कुमार राठौर, सुदीप [illegible], [illegible] सरकारी, [illegible], [illegible], प्रीति, [illegible], [illegible] शर्मा, प्रीति कौर, [illegible] व [illegible] ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 28.10.23 | 2 | 6 |

## हकृवि में दो दिवसीय सम्मेलन का समापन




हिसार। हकृवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज व अन्य।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 28.10.2023 | -- | -- |

# किसानों व समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक नई तकनीकों को पहुंचाने में समाजशास्त्रियों की अहम भूमिकाः प्रो. बी.आर. काम्बोज

**हकृवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी) - आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत कृषक समाज के सतत विकास एवं सामाजिक-आर्थिक उत्थान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का आज समापन हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार समाज का सबसे छोटा हिस्सा है इसलिए उसके सतत विकास के लिए उन्हे नई जानकारियों, नवाचारों व प्रौद्योगिकियों के प्रति प्रोत्साहित करना अनिवार्य है। इसी प्रकार देश के उत्थान में कृषक समाज का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए देश को विकास की पटरी पर लगातार बनाने रखने के लिए इनका उत्थान बहुत जरूरी है लेकिन नई तकनीकों को किसानों व समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना एक चुनौती पूर्ण कार्य है। इस प्रक्रिया में समाजशास्त्र से जुड़े विशेषज्ञ महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा यदि नई तकनीकों को इजाद करने वाले विभाग और समाजशास्त्री एक साथ मिलकर काम करेंगे तो इसके बहुत सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे। मुख्यातिथि ने आंकड़ा प्रबंधन व विश्लेषण को भी अहम बताया। उन्होंने कहा कि इससे हर जगह से मिल रही जानकारियों को दुरुस्त व त्रुटि रहित समाज तक पहुंचाया जा सकता है। इसके लिए सरकारी व गैर-सरकारी शिक्षण-शोध संस्थानों को एक मंच पर आकर एकजुटता के साथ जानकारी सांझा करनी चाहिए। वर्तमान समय में खेती पर जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम बढ़ रहे हैं। इन्हीं चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न नवीनतम एवं उन्नत सस्य क्रियाएं मदद कर सकती हैं। समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमारी, सम्मेलन की आयोजक सचिव डॉ. जतेश काठपालिया व डॉ. रश्मि त्यागी ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की तमाम गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता व एनएएचईपी-आईडीपी प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. केडी शर्मा ने सभी का स्वागत किया।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 27.10.2023 | -- | -- |

# हकृवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

**हिसार ( चिराग टाइम्स )**
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी)-आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत कृषक समाज के सतत विकास एवं सामाजिक-आर्थिक उत्थान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का आज समापन हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार समाज का सबसे छोटा हिस्सा है इसलिए उसके सतत विकास के लिए उन्हें नई जानकारियां, नवाचारों व प्रौद्योगिकियों के प्रति



प्रोत्साहित करना अनिवार्य है। इसी प्रकार देश के उत्थान में कृषक समाज का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए देश को विकास की पटरी पर लगातार बनाने रखने के लिए इनका उत्थान बहुत जरूरी है लेकिन नई तकनीकों को किसानों व समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना एक चुनौती पूर्ण कार्य है। इस प्रक्रिया में समाजशास्त्र से जुड़े विशेषज्ञ महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा यदि नई तकनीकों को इजाद करने वाले विभाग और समाजशास्त्री एक साथ मिलकर काम करेंगे तो इसके बहुत सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे। मुख्यातिथि ने आंकड़ा प्रबंधन व विश्लेषण को भी अहम बताया। उन्होंने कहा कि इससे हर जगह से मिल रही जानकारियों को दुरुस्त व त्रुटि रहित समाज तक पहुंचाया जा सकता है। इसके लिए सरकारी व गैर-सरकारी शिक्षण-शोध संस्थानों को एक मंच पर आकर एकजुटता के साथ जानकारी सांझा करनी चाहिए। वर्तमान समय में खेती पर जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम बढ़ रहे हैं। इन्हीं चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न नवीनतम एवं उन्नत सस्य क्रियाएं मदद कर सकती हैं। इस अवसर पर कुलपति ने सम्मेलन में प्रस्तुत की गई

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | **27.10.2023** | -- | -- |

# हकृवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी)-आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत कृषक समाज के सतत विकास एवं सामाजिक-आर्थिक उत्थान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का आज समापन हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार समाज का सबसे छोटा हिस्सा है इसलिए उसके सतत विकास के लिए उन्हे नई जानकारियां, नवाचारों व प्रौद्योगिकियों के प्रति प्रोत्साहित करना अनिवार्य है। इसी प्रकार देश के उत्थान में कृषक समाज का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए देश को विकास की पटरी पर लगातार बनाने रखने के लिए इनका उत्थान बहुत जरूरी है लेकिन नई तकनीकों को किसानों व समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना एक चुनौती पूर्ण कार्य है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 27.10.2023 | -- | -- |



# किसानों की आजीविका में सुधार, खाद्य सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण कर हम स्वस्थ समाज का कर सकते हैं निर्माण : प्रो. बी. आर. काम्बोज

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 27 अक्टूबर : देश भर में जाना है और इस समाज का एक बड़ा हिस्सा कृषि व संबंध गतिविधियों पर निर्भर है। किसानों की स्थिति में सुधार के लिए उनकी आजीविका में सुधार, मौसम का [illegible], पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी)-आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत कृषक समाज के सतत विकास एवं सामाजिक-आर्थिक उत्थान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में एनएएचईपी-आईडीपी प्रोजेक्ट के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. नवीन कुमार जैन और इंडो-गंगेटिक भारतीय समाजशास्त्रीय सोसायटी ([illegible]) के अध्यक्ष डॉ. सुखदेव सिंह मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि जलवायु परिवर्तन अब [illegible] नहीं बल्कि इसके [illegible] में आने वाले अप्रत्याशित बदलाव जैसे बाढ़, सूखा, तूफान, लू इत्यादि शामिल हैं। अत्यधिक तापमान का बहुत कृषि उत्पादन पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अनुकूल रणनीतियों जैसे कि गर्मी सहनशील व सूखे के अनुकूल फसल किस्में, मिट्टी की नमी का संरक्षण, पानी की उपलब्धता, बेहतर फसल किस्में, फसल विविधीकरण, बीमा का पुनर्गठन, टिकाऊ फसल उत्पादन प्रणाली को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा वातावरण बनाएं जहां हम प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व रहें, जहां कोई भी पीछे न छूटे और जहां समृद्धि की कोई सीमा न हो। हमें अपने पर्यावरण के प्रति प्रेम और करुणा पैदा करनी चाहिए। लोगों को प्रेरित करना चाहिए और उनकी विकास के लिए व्यवहारों पर निर्भर करना चाहिए। कुलपति ने उपस्थित समाजशास्त्र व कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों से आह्वान किया कि कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल किया जाए ताकि जलवायु परिवर्तन से हो रहे दुष्प्रभावों व उनसे पैदा हो रही चुनौतियों से निपटा जा सके। इसमें समाजशास्त्र क्षेत्र से जुड़े वैज्ञानिक व कृषि वैज्ञानिक अहम भूमिका अदा कर व केवल [illegible] व आम जनता को कृषि क्षेत्र से जुड़े व्यवहारों, प्रौद्योगिकियों से अवगत करवा सकते हैं।

मुख्य वक्ता इंडो-गंगेटिक भारतीय समाजशास्त्रीय सोसायटी ([illegible]) के अध्यक्ष डॉ. सुखदेव सिंह ने कहा कि वर्तमान में भारत में खाद्यान्नों से जुड़ी योजनाओं के सामने दो मुख्य चुनौतियां हैं पहली कम लागत में कृषि का उत्पादन बढ़ाना व युवा पुरुषों को कृषि व्यवसाय की ओर आकर्षित करना है। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन किसानों व वैज्ञानिकों के लिए एक चिंता का विषय बन गया है। इसके लिए कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी संस्थाओं को एक मंच पर आकर व्यवहारों व प्रौद्योगिकियों की मदद से किसानों के हित के लिए कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि अगर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ छोड़ना चाहते हैं तो हमें पर्यावरण संरक्षण जैसी मुहिम को अपनाना होगा।

विशिष्ट अतिथि एनएएचईपी-आईडीपी के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. नवीन कुमार जैन ने राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी)-आईडीपी प्रोजेक्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट उच्च कृषि शिक्षा को मजबूत बनाने, बढ़ावा देने और बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने युवाओं की रुचि का व्यवसाय शुरू करने के लिए इस योजना को अहम बताया। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से शिक्षक और विद्यार्थी लघु कोर्स और प्रशिक्षण लेने के लिए विदेशों के उच्च स्तर के शिक्षण संस्थानों में जाने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज के सम्मेलन का विषय बहुत महत्वपूर्ण है, जिसमें समाज से जुड़े ज्वलंत विषयों पर चर्चा का हल निकाला जाएगा। सामाजिक समस्याएं जैसे पर्यावरण परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा, खाद्य भंडारण, सामाजिक समानता जैसे विषयों का निवारण करने के लिए बाहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के साथ हमें एकजुट होकर काम करना होगा। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों द्वारा [illegible] निकलकर आएंगी, जो कृषक समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम करेंगी।

समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमारी ने दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत करवाया। इस दौरान मुख्यातिथि द्वारा सम्मेलन से संबंधित पुस्तक का विमोचन किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने सभी का स्वागत किया, जबकि डॉ. जतेश काशनिया ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. सीमा रानी ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष | 28.10.2023 | -- | -- |

# किसानों व समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक नई तकनीकों को पहुंचाने में समाजशास्त्रियों की अहम भूमिकाः प्रो. बी. आर. काम्बोज

## हकृवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 28 अक्टूबर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी)-आईडीपी प्रोजेक्ट के तहत कृषक समाज के सतत विकास एवं सामाजिक-आर्थिक उत्थान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का आज समापन हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कृषक समाज का सबसे छोटा हिस्सा है इसलिए उनके सतत विकास के लिए उन्हें नई जानकारियां, नवाचारों व प्रौद्योगिकियों के प्रति प्रोत्साहित करना अनिवार्य है। इसी प्रकार देश के उत्थान में कृषक समाज का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है इसलिए देश को विकास की पटरी पर लगातार बनाये रखने के लिए इनका उत्थान बहुत जरूरी है लेकिन नई तकनीकों को किसानों व समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना एक चुनौती पूर्ण कार्य है। इस प्रक्रिया में समाजशास्त्र से जुड़े विशेषज्ञ महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा यदि नई तकनीकों को इजाद करने वाले विज्ञान और समाजशास्त्री एक साथ मिलकर काम करेंगे तो इसके बहुत सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे। मुख्यातिथि ने आंकड़ा प्रबंधन व विश्लेषण को भी अहम बताया। उन्होंने कहा कि इससे हर जगह से मिल रही जानकारियों को सुरक्षा व त्रुटि रहित समाज तक पहुंचाया जा सकता है। इसके लिए सरकारी व गैर-सरकारी शिक्षण-शोध संस्थानों को एक मंच पर आकर एकजुटता के साथ जानकारी साझा करनी चाहिए। वर्तमान समय में खेती पर जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम बढ़ रहे हैं। इन्हीं चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न नवीनतम एवं उन्नत सस्य क्रियाएं मदद कर सकती हैं। इस अवसर पर कुलपति ने सम्मेलन में प्रस्तुत की गई मौखिक व पोस्टर प्रस्तुतियों के विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमारी, सम्मेलन की आयोजक सचिव डॉ. जतेश काठपालिया व डॉ. दीप त्यागी ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की तमाम गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट पेश की। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता व एनएएचईपी-आईडीपी प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी डॉ. केडी शर्मा ने सभी का स्वागत किया, जबकि मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस कार्यशाला में मंच का संचालन डॉ. रितुल सिवाच ने किया।




### ये रहे पोस्टर व मौखिक प्रस्तुतियों के विजेता

हकृवि में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन दौरान हुई पोस्टर व मौखिक प्रस्तुतियों के परिणाम इस प्रकार रहे: पोस्टर प्रस्तुतिकरण : प्रथम पुरस्कार अंजू मिश्रा, मोनिका, एकता, प्रियंका भाटी, सोनू चंद्र व विक्रांत कुण्डू ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय पुरस्कार काव्या सहरावत, हेमंत कुमार व अंजू ने प्राप्त किया। तृतीय पुरस्कार के विजेता प्रीति रानी व प्रियंका रहीं, जबकि ज्योति सिवाच, मुस्कान ढींगड़ा, स्वाति, कीर्ति, प्रियंका ने सांत्वना पुरस्कार जीता। इसी प्रकार, विभिन्न विषयों में आयोजित मौखिक प्रस्तुतियों में मंजू कुमार राठौर, सुनिधि सिलानियां, कोमल सरस्वती, आयुषी, रितु विश्नोई, इन्दु, मीनाक्षी, प्रीति, जीनू, मोनिका शर्मा, प्रीति जैन, गायत्री सिंह व सुभाष ने बेहतरीन प्रदर्शन कर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 28.10.23 | 5 | 4-5 |



स्कूल की निदेशक संतोष कुमारी, कार्यरत प्रधानाचार्य सुनील दूहन व खेल अध्यापिका बक्शो के साथ विजेता खिलाड़ी।

# हकृवि के कैंपस स्कूल के दो खिलाड़ी जोया व हर्षित ने बॉक्सिंग में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम किया रोशन

हिसार, 27 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के दो विद्यार्थियों जोया व हर्षित ने लुधियाना में आयोजित सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्ट्स एंड गेम्स प्रतियोगिता की बॉक्सिंग प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में खिलाड़ी जोया ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस विजय के साथ विजेता खिलाड़ी जोया का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इसी श्रेणी में लड़कों के वर्ग में खिलाड़ी हर्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कैंपस स्कूल की निदेशक संतोष कुमारी ने बॉक्सिंग में दोनों खिलाड़ियों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने की सराहना की और कहा कि छात्रा जोया ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुनील दूहन, खेल अध्यापिका बक्शो सहित स्कूल के सभी अध्यापकों ने भी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 28-10-22 | 4 | 7-8 |



स्कूल स्टाफ के साथ-विजेता खिलाड़ी।

## खिलाड़ी जीया व हर्षित ने बॉक्सिंग में किया बेहतरीन प्रदर्शन

हिसार, 27 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के 2 विद्यार्थियों जीया व हर्षित ने लुधियाना में आयोजित सी.बी.एस.ई. इंटर स्कूल स्पोर्टस एंड गेम्स प्रतियोगिता की बॉक्सिंग प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में खिलाड़ी जीया ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस विजय के साथ विजेता खिलाड़ी जीया का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इसी श्रेणी में लड़कों के वर्ग में खिलाड़ी हर्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कैंपस स्कूल की निदेशक संतोष कुमारी ने बॉक्सिंग में दोनों खिलाड़ियों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने की सराहना की और कहा कि छात्रा जीया ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल को गौरवान्वित किया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 28-10-23 | 10 | 7-8 |

## कैंपस स्कूल के जीया व हर्षित ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के दो विद्यार्थियों जीया व हर्षित ने लुधियाना में आयोजित सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्टस एंड गेम्स प्रतियोगिता की बॉक्सिंग प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में खिलाड़ी जीया ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। विजेता खिलाड़ी जीया का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इसी श्रेणी में लड़कों के वर्ग में खिलाड़ी हर्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कैंपस स्कूल की निदेशक संतोष कुमारी ने बॉक्सिंग में दोनों खिलाड़ियों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने की सराहना की। इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुनील ढूहन, खेल अध्यापिका बबली सहित स्कूल के सभी अध्यापकों ने भी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 28-10-23 | 3 | 6 |

## जीया व हर्षित का बाक्सिंग में बेहतरीन प्रदर्शन

जासं, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के दो विद्यार्थियों जीया व हर्षित ने लुधियाना में आयोजित सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्ट्स एंड गेम्स प्रतियोगिता की बाक्सिंग प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में खिलाड़ी जीया ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। खिलाड़ी हर्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कैंपस स्कूल की निदेशक संतोष कुमारी ने कहा कि जीया ने स्वर्ण पदक जीत स्कूल को गौरवान्वित किया है। कार्यकारी प्रधानाचार्य सुनील दूहन, खेल अध्यापिका बक्शो आदि ने बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 28-10-23 | 12 | 1 |

## हकृवि कैंपस स्कूल के दो विद्यार्थियों ने जीते पदक

हिसार, 27 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल की छात्रा जीया ने लुधियाना में आयोजित सीबीएसई इंटर स्कूल प्रतियोगिता में बॉक्सिंग के अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, हर्षित ने लड़कों के वर्ग में तृतीय स्थान हासिल किया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 28.10.2023 | -- | -- |

## हकृवि के कैंपस स्कूल के दो खिलाड़ी जीया व हर्षित ने बॉक्सिंग में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम किया रोशन

हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के दो विद्यार्थियों जीया व हर्षित ने लुधियाना में आयोजित सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्टस एंड गेम्स प्रतियोगिता की बॉक्सिंग प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में खिलाड़ी जीया ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस विजय के साथ विजेता खिलाड़ी जीया का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इसी श्रेणी में लड़कों के वर्ग में खिलाड़ी हर्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कैंपस स्कूल की निदेशक श्रीमती संतोष कुमारी ने बॉक्सिंग में दोनों खिलाड़ियों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने की सराहना की और कहा कि छात्रा जीया ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल को गौरवान्वित किया है।

**विजेता खिलाड़ी जीया का बॉक्सिंग में राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन**



इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुनील दूहन, खेल अध्यापिका बक्शो सहित स्कूल के सभी अध्यापकों ने भी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

फोटो कैप्शन: स्कूल की निदेशक संतोष कुमारी, कार्यरत प्रधानाचार्य श्री सुनील दूहन व खेल अध्यापिका बक्शो के साथ विजेता खिलाड़ी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे | 27.10.2023 | -- | -- |

# जीया व हर्षित ने बॉक्सिंग में किया बेहतरीन प्रदर्शन

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के दो विद्यार्थियों जीया व हर्षित ने लुधियाना में आयोजित सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्टस एंड गेम्स प्रतियोगिता की बॉक्सिंग प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में खिलाड़ी जीया ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस विजय के साथ विजेता खिलाड़ी जीया का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इसी श्रेणी में लड़कों के वर्ग में खिलाड़ी हर्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कैंपस स्कूल की निदेशक श्रीमती संतोष कुमारी ने बॉक्सिंग में दोनों खिलाड़ियों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने की सराहना की और कहा कि छात्रा जीया ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल को गौरवान्वित किया है।

इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुनील दूहन, खेल अध्यापिका बक्शो सहित स्कूल के सभी अध्यापकों ने भी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 27.10.2023 | -- | -- |

चिराग टाइम्स अक्तूबर 2023

# हकृवि के कैंपस स्कूल के दो खिलाड़ी जीया व हर्षित ने बॉक्सिंग में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम किया रोशन



**हिसार ( चिराग टाइम्स )**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के दो विद्यार्थियों जीया व हर्षित ने लुधियाना में आयोजित सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्टस एंड गेम्स प्रतियोगिता की बॉक्सिंग प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में खिलाड़ी जीया ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस विजय के साथ विजेता खिलाड़ी जीया का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इसी श्रेणी में लड़कों के वर्ग में खिलाड़ी हर्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कैंपस स्कूल की निदेशक श्रीमती संतोष कुमारी ने बॉक्सिंग में दोनों खिलाड़ियों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने की सराहना की और कहा कि छात्रा जीया ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल को गौरवान्वित किया है।

इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुनील दूहन, खेल अध्यापिका बक्शो सहित स्कूल के सभी अध्यापकों ने भी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | **27.10.2023** | -- | -- |

# जीया व हर्षित का बॉक्सिंग में राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के दो विद्यार्थियों जीया व हर्षित ने लुधियाना में आयोजित सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्ट्स एंड गेम्स प्रतियोगिता की बॉक्सिंग प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में खिलाड़ी जीया ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस विजय के साथ विजेता खिलाड़ी जीया का



निदेशक संतोष कुमारी, सुनील दूहन व बबशो के साथ विजेता खिलाड़ी।

राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। इसी श्रेणी में लड़कों के वर्ग में खिलाड़ी हर्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कैंपस स्कूल की निदेशक संतोष कुमारी ने बॉक्सिंग में दोनों खिलाड़ियों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने की सराहना की और कहा कि छात्रा जीया ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल को गौरवान्वित किया है।

इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुनील दूहन, खेल अध्यापिका बबशो सहित स्कूल के सभी अध्यापकों ने भी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।